लेकसिटी मॉल-सुभाषनगर रोड पर अवरोध बनी दीवार हटाई

■ दो वर्ष पूर्व वैकल्पिक मार्ग निकाला था, दो सौ फीट कच्ची सड़क हुई पक्की

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर विधायक तारचंद जैन के प्रयासों से यूडीए ने बुधवार को लेकसिटी मॉल के सामने से सुभाषनगर की ओर जा रहे नए मार्ग को संकरा कर रही एक दीवार को तोडकर इस अवरोध को दूर किया। इसके लिए विभाग स्तर पर और राजधानी स्तर पर कई प्रयास करने पडे। साथ ही यहां करीब 200 फीट सडक का रास्ता जो कच्चा था उस पर डामरीकरण कर इस मार्ग को सुचारू रूप से शुरू किया गया। इस मार्ग पर दीवार के रूप में अवरोधक होने से चौपहिया वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पडता था।

जानकारी के अनुसार उदयपुर विकास प्राधिकरण ने करीब 2 वर्ष पूर्व आयड नदी के किनारे स्थित लेकसिटी मॉल के सामने एक वैकल्पिक मार्ग निकाला था, जो सुभाष नगर होते हुए सेवाश्रम से कनेक्ट हो रहा था। इस नए मार्ग से दुर्गानर्सरी रोड पर यातायात दबाव कम हो गया था पर लेकसटी मॉल की सीमा पर एक दीवार बनी थी थी, इस नए मार्ग के बीच तक आ रही थी और इधर नदी की ओर से भी एक दीवार बनी थी।

दोनों ओर से दीवार आने पर लेकसिटी मॉल के समाप्त होते ही मार्ग संकरा हो रहा था, जिस कारण से इस रोड से निकलने वालों को चौपहिया वाहनों को परेशान होना पडता था। इस समस्या को स्थानीय लोगों ने शहर विधायक ताराचंद जैन को इस बारे में बताया। शहर विधायक ताराचंद जैन ने सडक के बीच में आ रही दीवार के बारे में अधिकारियों से पूछा तो पता चला कि यहां पर कोई समाधी की जमीन है, जिस कारण से अधिकारी बनी हुई दीवार नहीं हटा पा रहे थे, जबकि मौके पर किसी तरह की कोई समाधी नहीं थी।

शहर विधायक ताराचंद जैन ने अधिकारियों से इस क्षेत्र की फाईल निकलवाई और स्थानीय स्तर पर और जयपुर स्तर पर इस समस्या का निराकरण करवाया। निराकरण होते ही यूडीए ने लेकसिटी मॉल के समाप्त होते ही अवरोध के रूप में आ रही दोनों ओर की दीवार तोड रास्ता खोला। सडक के बीच में आ रही दीवार को हटाने के बाद बुधवार को शहर विधायक ताराचंद जैन मौके पर गए और यूडीए द्वारा वहां पर किए जा रहे डामरी करण के काम का शुभारंभ किया।

बाप विधायक पटेल ने लोकतंत्र को किया शर्मसार : रावत

बांसवाड़ा, (निसं)। भाजपा की ओर से बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल के चर्चित रिश्वत प्रकरण पर निलंबन को लेकर विधानसभा स्तर पर ज्ञापन कार्यक्रम के पश्चात मंडल कार्यक्रम के तहत नवागांव मंडल के सियापुर के शीतला माता मंदिर परिसर में पूर्व मंत्री धन सिंह रावत के नेतृत्व में विशाल कार्यक्रम हुआ।

पूर्व मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि बागीदौरा से बाप विधायक जयकृष्ण पटेल के विधानसभा में माइनिंग का दुरुस्त जिले का प्रश्न उठा कर रिश्वत लेने का मामला प्रकाशित होना एवं एसीबी द्वारा रंगे हाथों पकड़े जाने का मामला लोकतंत्र को शर्मसार करने जैसा है। विधायक ने पीएम आवास में घोटाला किया वहीं सरकारी नौकरी में फर्जी डिग्री से चयन करवा लिया वहीं अब रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार होना अशोभनीय है। पूर्व मंत्री रावत ने कहा कि एसीबी दशकों पुरानी संस्था है यह जनहित के लिए है एसीबी में आए दिन सरकारी कार्मिक, अफसर, पुलिस कार्मिक रिश्वत प्रकरण में सभी पकड़े जाते है। एसीबी कार्यवाही से पूर्व दस बार सत्यता की जांच कर कार्यवाही करती है। उन्होंने कहा कि विधायक ने रिश्वत ली इसलिए गिरफ्तार हुए है और बाप के नेता भाजपा पर आरोप लगाते है कि भाजपा ने षडयंत्र कर झूठा फंसाया है। उन्होंने बाप के लोगों को चेताया कि अब झूठे आरोप लगाने से बाज आए। जनता के सामने बाप के काले कारनामे आ चुके है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाप के झूठ को बेनकाब करने के लिये जनता के बीच जाकर बताने का आह्वान किया। बांसवाड़ा प्रधान बलवीर रावत ने कहा कि बाप की बुनियाद झूठ-धोखे व फरेब वाली है यह आदिवासी युवाओं को बरगला रहे है। अब आदिवासी समाज एवं युवा जल्द ही बाप के आवरण से बाहर आ रहे है।

तलाशी में नहीं मिली निषिद्ध सामग्री

राजसमंद, (निसं)। राजसमंद जिला कारागृह में बुधवार को जिला और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान जेल और आरएसी स्टाफ के साथ राजसमंद तहसीलदार विजय कुमार, जेल उपाधीक्षक हेमंत सालवी, राजनगर थानाधिकारी सवाईसिंह, कांकरोली थाना उपनिरीक्षक सुरेंद्रसिंह, महिला थानाधिकारी संगीता द्वारा मय जाप्ता तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जेल में किसी भी प्रकार की निषिद्ध सामग्री प्राप्त नहीं हुई।

भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

5 वीं मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

वर्ष 2025 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना

वर्ष 2025 के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन/नामांकन जमा करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल 15 मई, 2025 मे 15 जुलाई, 2025 तक खुला है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः

i. आवेदन/नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.awards.gov.in पर किए जायेंगे ।
ii. वर्ष 2025 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 15 जुलाई, 2025 तक प्राप्त आवेदनों/नामांकनों पर ही विचार किया जाएगा।
iii. वर्ष 2025 के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर ऑनलाइन जमा किया जाना है। नामांकन में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें उल्लेखनीय और प्रेरक उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाना चाहिए तथा उपलब्धियों से सम्बंधित महायक दम्तावेज भी अपलोड करना चाहिए ।
iv. **भौतिक रूप से या किसी अन्य रूप से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
v. पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए विभाग की वेबसाइट (www.depwd.gov.in) तथा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल n पर उपलब्ध ''दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश'' देखे जा सकते है।

CBC 38117/11/0001/2526

पेट की नस की सफल एंजियोप्लास्टी

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा के कॉर्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में चिकित्सकों ने एक मरीज के पेट की नस की सफल एंजियोप्लास्टी की है।

चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने बताया कि गत दिनों 58 वर्षीय एक रोगी को पेट में दर्द के चलते पिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। सिटी स्कैन करने पर पता चला कि मरीज के पेट की एक नस जिसे सुपीरियर मेसेंटेरिक आर्टरी कहते हैं उसमें 99 प्रतिशत का ब्लॉकेज है। उसके बाद मरीज को कॉर्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में सीनियर कंसलटेंट एंड इंटरवेंशनल कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेश जैन और उनकी टीम ने मरीज की सफल एंजियोप्लास्टी कर के सुपीरियर मेसेंटेरिक आर्टरी में स्टेंट लगाया और मरीज को बीमारी से निजात दिलाई।

प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप की 485वीं जयंति की पूर्व संध्या पर बुधवार को जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ के प्रतापनगर स्थित महाराणा प्रताप खेल मैदान पर लगी प्रताप का अश्वारूढ प्रतिमा पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, चरित्र निर्माण संस्थान नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमालीके सानिध्य में तीनों परिसरों के कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। आईटी सभागार में महाराणा प्रताप - राष्ट्रीय सुरक्षा, शिक्षक चेतना और गीता विज्ञान विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि एक समय वो समय भी था जब मेवाड की भूमि पर प्रताप के सिद्धांतों की बात करना अपराधा माना जाता था।

सार-समाचार

सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए

मंडफिया, (निसं)। बॉलीवुड के जाने-माने मशहूर अभिनेता व कॉमेडियन राजपाल यादव ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। कॉमेडियन राजपाल यादव का मंदिर परंपरा के अनुसार स्वागत एवं सम्मान किया गया। कॉमेडियन यादव ने मंदिर गार्डन का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या भी भगवान के दर्शन करने मंदिर पहुंचे। विधायक आक्या का मंदिर परंपरा के अनुसार स्वागत एवं सम्मान किया गया। दर्शन करने के पश्चात विधायक आक्या ने मंदिर गार्डन में बॉलीवुड कॉमेडियन राजपाल यादव से आत्मीय भेंट कर स्वागत किया। विधायक आक्या ने कॉमेडियन यादव से मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा एवं व्यवस्थाओं पर सार्थक चर्चा की। कॉमेडियन यादव ने श्री सांवलिया जी सेठ मंदिर की अनुशासित व्यवस्था की सराहना की। कॉमेडियन राजपाल यादव भगवान के दर्शन कर प्रफुलित दिखाई दिए।

बास्केटबॉल प्रतियोगिता आज से

देवगढ़, (निसं)। जिला स्तरीयबास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार से देवगढ़ के महाराणा प्रताप बास्केटबॉल स्टेडियम पर किया जाना हे। जिसकी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोंगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी, सीनियर व अंडर 23 के साथ जूनियर और सब जूनियर लेवल की प्रतियोगिता का भी अयोजन किया जाएगा।

सम्मान पट्टिका का किया अनावरण

भीम, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित शिक्षकों नामों की पट्टीकाको मुख्य ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में लगाए जाने के आदेशों की अनुपालना में स्थानीय कार्यालय के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारा अमर सिंह चौहान द्वारा पूर्व में राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षक कंचन कंवर पत्नी कुंज बिहारी अध्यापिका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भीम एवं विजय सोलंकी पुत्र छितर लाल सोलंकी शारीरिक शिक्षक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काछबली का कार्यालय स्तर पर सम्मान कर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पट्टिका का अनावरण किया गया।

दुष्कर्म और हत्या के दोषी को फांसी

डूंगरपुर, (निसं)। डूंगरपुर के सागवाडा अपर जिला एवं सेशन कोर्ट ने बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोषी को फांसी की सजा सुनाने के साथ एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहां दोषी को ऐसी सजा दी जानी चाहिए जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की सोच रखने वाले व्यक्ति की भी रूह कांप उठे और पीडतिों में प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रहे। इसके लिए दोषी को फांसी की सजा देना ही एक विकल्प है। इसके साथ ही मृतका के सम्मान,गरिमा को भी ठेस पहुंची है।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/2530 दिनांक : 27/05/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डो का नामान्तरण /नाम हस्तानान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण /नाम हस्तानान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री राकेश शर्मा पिता श्री बालकृष्ण शर्मा, सिहाड, नाथद्वारा	क्षैत्रफल-1820 वर्गफिट,सिहाड घाटी, नाथद्वारा	भूराजी का मकान व गली	आम रास्ता	मोहन लाल जी का मकान	आम रास्ता, गलीनुमा

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल

एफ.सी.आई गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौड़गढ़

E-Mail:ro.chittorgarh@gmail.Com Phone no:0147-2294158

क्रमांक:राप्रनिम/क्षे.का चित्तौड़/सी.आई-1374/2025-26/428 दिनांक : 29/05/2025

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक जन सुनवाई के लिए आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स जय श्री कामाख्या सीमेंट (ओ.पी.सी) प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सीमेंटउत्पादन इकाई (ओ.पी.सी., पी.पी.सी. एवं पी.एस.सी. इत्यादि) प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 100 टी.पी.डी, खसरा नं.464, ग्राम-मांदल्दा, तहसील व जिला-चितौडगढ़ (राज.) में प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रस्तावित सीमेंट उत्पादन इकाई (ओ.पी.सी., पी.पी.सी. एवं पी.एस.सी. इत्यादि,) प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 100 टी. पी.डी से सम्बंधित प्रस्ताव पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेंट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

और चूंकि परियोजना के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति के सम्बंध में पर्यावरणीय जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के साथ राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित के प्रावधानों के अनुसरण में परियोजना की जनसुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।

उक्त परियोजना से सम्बन्धित पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट एव संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयो में उपलब्ध है - I) जिला कलेक्टर कार्यालय, चितौडगढ, II) क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,एफ.सी. आई गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौडगढ, III) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4 संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर,IV) पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर,V)एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, A-218& B-216, अरण्य भवन, महात्मा गांधी रोड, झालाना डूंगरी, जयपुर, VI) महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, चितौडगढ,VII) मुख्य कार्यकारी अधिकारी,जिला परिषद, चितौडगढ,VIII) उपखण्ड अधिकारी, चितौडगढ, जिला-चितौडगढ ।

अत: समस्त सम्बधित को इस नोटिस के माध्यम से एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित **जन सुनवाई हेतु दिनांक 01.07.2025 को समय प्रात: 11.00 बजे प्रोजेक्ट स्थल के निकट ग्राम-मांदल्दा, तहसील व जिला-चितौडगढ (राज.)** में उपस्थित होकर अपने आक्षेप / सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस सम्बंध में लिखित सुझाव/आपेक्ष इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ.सी.आई गोदाम के पास, चन्देरिया, चित्तौडगढ में भी प्रस्तुत कर सकते है। यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से सम्बधित केन्द्रीय / राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों केअनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों / सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

(आशीष कुमार बौरासी)

क्षेत्रीय अधिकारी

नागर विमानन मंत्रालय
भारत सरकार

बिहार में हवाई संपर्कता को मिली नई उड़ान

एक पड़ाव पार, दूसरा ले रहा आकार....

जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, पटना के नए टर्मिनल भवन

का

उद्घाटन

तथा

बिहटा हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव

का

शिलान्यास

लाभ

- विशाल नए टर्मिनल भवनों से यात्रा और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा, स्थानीय कला एवं क्षेत्र के कारीगरों और बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को लाभ
- शिक्षा, स्वास्थ्य और आतिथ्य क्षेत्र को मजबूत करना, जिससे बिहार के लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे
- क्षेत्रीय संपर्कता को बढ़ावा, राज्य में आर्थिक वृद्धि और समग्र विकास को बढ़ावा

मुख्य विशेषताएं

नया टर्मिनल भवन, पटना हवाई अड्डा	नया सिविल एन्क्लेव, बिहटा हवाई अड्डा
मौजूदा टर्मिनल से छह गुना बड़ा, ₹1200 करोड़ की लागत से निर्मित 65,150 वर्ग मीटर का नया टर्मिनल भवन, प्रति वर्ष एक करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए सुसज्जित होगा	₹1413 करोड़ की लागत से 68,000 वर्ग मीटर में नया सिविल एन्क्लेव विकसित किया जाएगा जो प्रति वर्ष 50 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम होगा
64 चेक-इन काउंटर, 16 एक्स-बीआईएस मशीनें, पांच एयरोब्रिज, चार बैगेज कन्वेयर बेल्ट और 1100 कार पार्किंग स्लॉट के साथ बहुस्तरीय कार पार्किंग	64 चेक-इन काउंटर, 16 सेल्फ-चेक-इन कियोस्क, 14 एक्स-बीआईएस मशीनें, छह एयरोब्रिज और छह बैगेज कन्वेयर बेल्ट
हवाई अड्डे की प्रचालन क्षमता बढ़ाने के लिए एक समय में 11 विमानों को पार्क करने में सक्षम एप्रन	10 विमानों को प्रचालित करने के लिए डिजाइन किया गया एप्रन जो सीधी संपर्कता में सहायक होगा

नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री

के कर-कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

आरिफ मोहम्मद खान, राज्यपाल, बिहार
नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार
राममोहन नायडू किंजरापु, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री
सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री, बिहार
विजय कुमार सिन्हा, उप मुख्यमंत्री, बिहार
मुरलीधर मोहोल, केंद्रीय नागर विमानन एवं सहकारिता राज्य मंत्री
रवि शंकर प्रसाद, संसद सदस्य (लोकसभा)
मीसा भारती, संसद सदस्य (लोकसभा)
अमरेंद्र धारी सिंह, संसद सदस्य (राज्यसभा)
संजीव चौरसिया, विधानसभा सदस्य
भाई वीरेंद्र, विधानसभा सदस्य

गुरुवार, 29 मई, 2025 । सांय 04:30 बजे । जे. पी. एन. आई. हवाई अड्डा, पटना, बिहार

डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखें

CBC 03111/15/0004/2526